## एक नजर में

### आज किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। राज्य शासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के इच्छुक किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। विभाग द्वारा जारी नवीनतम आदेश के अनुसार, गेहूं पंजीयन की निर्धारित समय-सीमा को अब बढ़ा दिया गया है। गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन की अवधि 10 मार्च 2026 तक की गई है। इस निर्णय का मुख्य उद्देश्य उन किसानों को पर्याप्त अवसर प्रदान करना है जो तकनीकी कारणों या अन्य व्यस्तताओं के चलते अब तक अपना पंजीयन नहीं करा पाए हैं।**

जिले में 63 पंजीयन केन्द्र स्थापित किए गए हैं। किसान भाई निर्धारित केंद्रों, एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर या लोक सेवा केंद्रों पर जाकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। शासन ने सभी संबंधित जिला अधिकारियों और उपार्जन केंद्रों को निर्देशित किया है कि बढ़ी हुई अवधि के दौरान पंजीयन प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित की जाए। जिला आपूर्ति अधिकारी ने सभी पात्र किसानों से अपील की है कि वे इस बढ़ी हुई अवधि का लाभ उठाते हुए 10 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से अपना पंजीयन सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें अपनी उपज का लाभकारी मूल्य प्राप्त हो सके।

# हत्या का प्रयास करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त कट्टा किया बरामद**

**`पलेरा थाना क्षेत्र के ग्राम कछौरा में हुई थी बीते रोज घटना**






**नवभारत न्यूज टीकमगढ़/ पलेरा। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिला टीकमगढ में घटित गंभीर अपराधों के अपराधियों के खिलाफ तत्काल कार्यवाही कर आरोपियों की धरपकड हेतू चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना पलेरा के अपक्र 59/2026 धारा 109 (1) वीएनएस, 25/27 आर्म्स एक्ट मे आरोपी विश्वनाथ पाल पिता हरीदास पाल उम्र 36 साल निवासी ग्राम कछौरा थाना पलेरा जिला टीकमगढ को थाना पलेरा पुलिस द्वारा घटना के 24 घंटे के अंदर ग्राम कछौरा से गिरफ्तार किया ।**

मामला इस प्रकार से है कि फरि ने थाना पर रिपोर्ट लेख कराई कि गांव के कारशदेव महराज के यहां भंडारा चल रहा था जो गांव के विश्वनाथ पाल पिता हरीदास पाल निवासी कछौरा ने पुरानी रंजिश को लेकर जान से मारने की नियत से कट्टा से फरियादी की लडका के पेट मे गोली मार दी। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी की धरपकड़ हेतु पुलिस टीम तैयार कर रवाना की गई जो आरोपी विश्वनाथ पाल को ग्राम कछौरा से विधिवत गिरफ्तार कर घटना मे प्रयुक्त आलाजर्व कट्टा मय जिंदा कारतूस, खोखा बरामद कर माननीय न्यायालय मे पेश किया गया जो न्यायालय जतारा द्वारा आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिला टीकमगढ में घटित गंभीर अपराधों के अपराधियों के खिलाफ तत्काल कार्यवाही कर आरोपियों की धरपकड हेतू चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना पलेरा के अपक्र 59/2026 धारा 109 (1) वीएनएस, 25/27 आर्म्स एक्ट मे आरोपी विश्वनाथ पाल पिता हरीदास पाल उम्र 36 साल निवासी ग्राम कछौरा थाना पलेरा जिला टीकमगढ को थाना पलेरा पुलिस द्वारा घटना के 24 घंटे के अंदर ग्राम कछौरा से किया गिरफ्तार। पुलिस की इस कार्यवाही से पलेरा सहित जिले भर के अपराधियों में दहशत का माहौल देखने को मिल रहा है।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिले भर के थाना प्रभारियों द्वारा आए दिन प्रभावी कार्यवाहियों को अंजाम दिया जा रहा है। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में शाम के समय वाहन चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध लोगों की जांच पड़ताल की जा रही है। इसके साथ ही वाहन चालकों को यातायात के नियमों के पालन करने की हिदायत दी जा रही है।

### आरोपी को न्यायालय में किया पेश

फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी की धरपकड़ हेतु पुलिस टीम तैयार कर रवाना की गई जो आरोपी विश्वनाथ पाल को ग्राम कछौरा से विधिवत गिरफ्तार कर घटना मे प्रयुक्त आलाजर्व कट्टा मय जिंदा कारतूस, खोखा बरामद कर माननीय न्यायालय मे पेश किया गया जो न्यायालय जतारा द्वारा आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### इस टीम ने दिया कार्रवाई को अंजाम

उक्त कार्यवाही मे उपनिरीक्षक एनडी कोंदर थाना प्रभारी पलेरा, सहायक उपनिरीक्षक संतोष तिलगाम, प्रधान आरक्षक बालकिशन श्रीवास, प्रधान आरक्षक मनमोहन रैदास,प्रधान आरक्षक रामकिशन अनुरागी, प्रधान आरक्षक ग्यासी यादव, प्रधान आरक्षक परशुराम, आरक्षक ललित कुशवाहा, आरक्षक प्रवेन्द्र पटेल, आरक्षक अजय अहिरवार,आरक्षक ज्ञानसिंह सेंगर, आरक्षक अजय राजपूत, रामचन्द्र चतुर्वेदी, आरक्षक कुल्दीप चतुर्वेदी, आरक्षक दीपक मिश्रा,आरक्षक रामप्रकाश, सुमित दुवे, आरक्षक गनपत सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## महिलाओं ने कर्मचारियों पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप




**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। दिगौड़ा थाना क्षेत्र में दो महिलाओं ने वन कर्मचारियों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। महिलाओं का कहना है कि पुलिस ने उनकी शिकायत दर्ज नहीं की, जिसके बाद उन्होंने एसपी दफ्तर में लिखित आवेदन दिया।**

महिलाओं ने बताया कि यह घटना शनिवार रात की है, जब वे अपने खेत पर खाना बना रही थीं। इसी दौरान बीट गार्ड सूर्य प्रताप ठाकुर और बाबूलाल विश्वकर्मा वहां पहुंचे। उनके पति के चना लेने जाने के बाद सूर्य प्रताप ने झोपड़ी में आकर एक महिला का हाथ पकड़ लिया।महिला के चिल्लाने पर पति वापस आ गए। महिला ने अपने पति को बीट प्रभारी की हरकत बताई, जिसके बाद दोनों वनकर्मियों ने गाली-गलौज की और धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो फसल में आग लगा देंगे।महिलाओं का आरोप है कि वे वन विभाग की जमीन पर खेती करती हैं और बीट प्रभारी अक्सर उनके साथ ऐसी हरकतें करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि एक अन्य महिला के साथ भी इसी तरह की घटना हुई है। थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि महिलाओं ने दो बीट प्रभारियों के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत की है। चूंकि शिकायतकर्ता वन विभाग की जमीन पर खेती करते हैं, इसलिए मामले की जांच आवश्यक है। उन्होंने पुष्टि की कि फिलहाल कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। दिगौड़ा थाना क्षेत्र में दो महिलाओं ने वन कर्मचारियों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पीड़िता ने एसपी दफ्तर में लिखित आवेदन दिया।

## जैन समाज ने नगर निरीक्षक को किया सम्मानित



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जैन समाज के धार्मिक जुलूसों के दौरान शहर में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में पुलिस प्रशासन की सराहनीय भूमिका के लिए धर्म प्रभावना समिति जैन समाज द्वारा प्रभारी नगर निरीक्षक रवि भूषण पाठक का सम्मान किया गया।**

धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने जानकारी देते हुए बताया कि होली पर्व तथा जैन समाज के जुलूसों के दौरान प्रभारी नगर निरीक्षक रवि भूषण पाठक ने स्वयं अपने स्टाफके साथ सक्रिय रहकर पूरे कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस प्रशासन ने शहर में शांति भाईचारे और अपनत्व का संदेश दिया जिससे सभी कार्यक्रम अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुए। इसी उद्देश्य से धर्म प्रभावना समिति जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी नगर निरीक्षक का माला, शाल, श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया ।

## वूमेन वीक के तहत निकली साइकिल यात्रा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा फिट इंडिया वूमेन वीक के तहत साइकिल एवं बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा नारी सशक्तिकरण का संदेश समाज तक पहुंचाना रहा।**

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उमिता राहुल सिंह, श्रीमती सरोज राजपूत तथा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने स्थानीय सर्किट हाउस से हरी झंडी दिखाकर साइकिल एवं बाइक रैली को रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्वस्थ महिला ही सशक्त समाज की आधारशिला होती है। इसलिए महिलाओं और बालिकाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना आवश्यक है। रैली में बड़ी संख्या में बालिकाओं ने उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया। प्रतिभागियों ने साइकिल एवं बाइक के माध्यम से शहर में जागरूकता रैली निकालते हुए स्वस्थ नारी, सशक्त समाज का संदेश दिया।

## कृषि कार्य की जगह व्यापार में वाहनों का उपयोग

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। खेती-किसानी कार्य के लिए पंजीकृत व उपयोग किए जाने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली से जिले भर में भवन निर्माण सामग्री का परिवहन किया जा रहा है ।यह ट्रैक्टर, ट्रॉली कृषि कार्य के लिए पंजीकृत हैं लेकिन इनका उपयोग वर्षों से भवन निर्माण सामग्री ढोने, बारात ले जाने, सवारियों को ले जाने और शासकीय कार्यों के लिए किया जा रहा है।**



मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों की सड़कों पर ट्रैक्टर ट्रालियों में रेत, ईट, गिट्टी, सरिया आदि का परिवहन करते आए दिन देखा जा सकता है।

परिवहन विभाग का नियंत्रण नहीं होने से ट्रैक्टर मालिक और चालक बेखौफ होकर सामान ढोने का व्यापार चला रहे हैं ।कृषि क्षेत्र में सुविधाओं के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली टैक्स फ्री रखा गया है लेकिन प्रतिस्पर्धा की होड़ में कृषि कार्यों के लिए उपयोग होने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली से व्यवसाय किया जा रहा है। ट्रैक्टर मालिक रेत व भवन निर्माण सामग्री ढोने के लिए कागजात नहीं रखते है और न ही किसी भी प्रकार का फिटनेस चेकअप करवाते हैं।

## राज्य शिक्षा केन्द्र ने जारी की समय सारणी

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। अशासकीय स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में सत्र 2026-27 हेतु नि:शुल्क प्रवेश के लिये राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा समय सारणी जारी की गई है।**

नि:शुल्क प्रवेश हेतु मान्यता प्राप्त अशासकीय शाला एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट का पोर्टल पर प्रदर्शन, पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन एवं त्रुटि सुधार 13 से 28 मार्च 2026 तक, आवेदन पश्चात सत्यापन केन्द्र में सत्यापन कराना 14 से 30 मार्च 2026 तक, रेण्डम पद्धति से ऑनलाईन लाटरी द्वारा शाला का आवंटन एवं चयनित आवेदकों को एसएमएस द्वारा सूचना 2 अप्रैल को तथा आवंटन उपरांत अशासकीय शाला में प्रवेश हेतु उपस्थित होना एवं शाला द्वारा मोबाईल एप के माध्यम से एडमीशन रिर्पोटिंग 3 से 15 अप्रैल 2026 तक निर्धारित है।

## मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष पहुंचे टीकमगढ़

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह टीकमगढ़ पहुंचे। उन्होनें सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई में भाग लिया। जिसका मुख्य उद्देश्य शोषित और पीड़ित वर्ग की समस्याओं का समाधान करना है।**



टीकमगढ़ पहुंचने पर डॉ. सिंह ने सर्किट हाउस में कलेक्टर, एसपी सहित स्थानीय लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि जन समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय में सुनवाई कार्यक्रम रखा गया है ।डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने स्पष्ट किया कि कई बार लोगों की समस्याओं का समाधान शासन या प्रशासन स्तर पर नहीं हो पाता है। ऐसे पीड़ित और शोषित वर्ग की समस्याओं के निवारण के लिए ही मानवाधिकार आयोग का गठन किया गया है ।जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर, एसपी, एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जो समस्याएं स्थानीय स्तर पर हल की जा सकेंगी, उनका मौके पर ही समाधान किया जाएगा।

जिन समस्याओं के लिए शासन स्तर पर कार्रवाई की आवश्यकता होगी, उन्हें भोपाल तक पहुंचाया जाएगा। डॉ. अवधेश प्रताप सिंह मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व प्रमुख सचिव रह चुके हैं। सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें मध्य प्रदेश मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वे टीकमगढ़ जिले के जेर गांव के मूल निवासी हैं। उनके पिता अखंड प्रताप सिंह यादव भी टीकमगढ़ से विधायक और पूर्व मंत्री रह चुके हैं। उनके आगमन की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में यादव समाज के लोग उनसे मिलने पहुंचे। लोगों ने उन्हें गुलाब भेंट कर रंग पंचमी पर्व की शुभकामनाएं दीं।

## नारी सशक्तिकरण को लेकर जागरुकता कार्यक्रम

**शासकीय जिला अस्पताल के मैटरनिटी वार्ड में लगा शिविर**

**प्रसूता माताओं को किए फल एवं ड्राई फ्रूट्स वितरित**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले में नारी सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला अस्पताल के मैटरनिटी वार्ड में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के मार्गदर्शन में विशेष शिविर लगा।**



इस दौरान वार्ड में भर्ती प्रसूता माताओं को ड्राई फ्रूट्स और फल वितरित किए गए, साथ ही नवजात शिशुओं के लिए बेबी केयर किट प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य माताओं को प्रसव के बाद उचित पोषण और शिशुओं की सही देखभाल के प्रति जागरूक करना था। जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता राहुल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत और संध्या सोनी सहित अन्य महिला जनप्रतिनिधियों ने वार्ड का भ्रमण कर महिलाओं से संवाद किया। उन्होंने शिशुओं के स्वास्थ्य की जानकारी ली और माताओं को स्वयं के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी। महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नजरबाग स्थित महिला पार्क में महिला रंगपंचमी महोत्सवका आयोजन भी किया गया। यहाँ बड़ी संख्या में महिलाओं और बालिकाओं ने एकत्रित होकर पारंपरिक तरीके से रंगों का पर्व मनाया।

कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊदल सिंह ठाकुर और उपस्थित अतिथियों ने समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं का आत्मनिर्भर और शिक्षित होना परिवार व राष्ट्र की प्रगति के लिए अनिवार्य है। इस दौरान आपसी सौहार्द और सहयोग के साथ त्योहार मनाने का संदेश दिया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले में नारी सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला अस्पताल के मैटरनिटी वार्ड में कलेक्टर के मार्गदर्शन में विशेष शिविर लगा। शिशुओं के स्वास्थ्य की जानकारी ली और माताओं को स्वयं के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी। महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नजरबाग स्थित महिला पार्क में महिला रंगपंचमी महोत्सवका आयोजन भी किया गया।

**रैली** | **देर रात तक जश्न के दौरान हुई आतिशबाजी**

# वर्ल्ड कप में भारत की जीत पर शहर के युवाओं ने निकाली रैली

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में टी20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत का भव्य जश्न मनाया गया। जैसे ही फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराया, युवाओं में खुशी की लहर दौड़ गई। जीत के तुरंत बाद, डीजे और बैंड बाजे के साथ शहर में एक विशाल रैली निकाली गई। युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत की जीत का उत्साहपूर्वक जश्न मनाया।**



भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला देखने के लिए शहर में कई स्थानों पर बड़ी टेलीविजन स्क्रीन लगाई गई थीं। इस जीत के साथ भारत ने लगातार दूसरी बार वर्ल्ड कप विजेता का खिताब अपने नाम किया। मैच समाप्त होते ही, नजर बाग मैदान में श्री राम जन्मोत्सव परिवार के सदस्यों ने पटाखे फोड़े और मिठाइयां बांटीं। इसके बाद डीजे के साथ एक रैली निकाली गई, जिसने पूरे शहर का भ्रमण किया। युवाओं ने देर रात तक तिरंगा लहराते हुए जीत का जश्न मनाया। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की मोबाइल टीमें भी शहर में गश्त करती रहीं।श्री राम जन्मोत्सव परिवार के सदस्य विवेक चौरसिया ने बताया कि फाइनल मुकाबला देखने के लिए नजर बाग मैदान में एक बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई थी। उन्हें पूरी उम्मीद थी कि भारत यह मैच जीतेगा ।एक अन्य सदस्य लकी चौरसिया ने जानकारी दी कि जीत का पूरा भरोसा होने के कारण डीजे और बैंड बाजे पहले से ही बुक कर लिए गए थे। भारत की जीत की घोषणा होते ही, शहर में धूमधाम से बाइक रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए और खुशियां मनाईं। शहर में टी20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत का भव्य जश्न मनाया गया। जैसे ही फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराया, युवाओं में खुशी की लहर दौड़ गई। जीत के तुरंत बाद, डीजे और बैंड बाजे के साथ शहर में एक विशाल रैली निकाली गई। युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत की जीत का उत्साहपूर्वक जश्न मनाया। भारत यह मैच जीतेगा ।एक अन्य सदस्य लकी चौरसिया ने जानकारी दी कि जीत का पूरा भरोसा होने के कारण डीजे और बैंड बाजे पहले से ही बुक कर लिए गए थे।

### युवाओं ने जीत पर लहराया तिरंगा

मैच समाप्त होते ही, नजर बाग मैदान में श्री राम जन्मोत्सव परिवार के सदस्यों ने पटाखे फोड़े और मिठाइयां बांटीं। इसके बाद डीजे के साथ एक रैली निकाली गई, जिसने पूरे शहर का भ्रमण किया। युवाओं ने देर रात तक तिरंगा लहराते हुए जीत का जश्न मनाया। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की मोबाइल टीमें भी शहर में गश्त करती रहीं। फाइनल मुकाबला देखने के लिए नजर बाग मैदान में एक बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई थी।

## रेल सुविधा मुहैया करने मंत्री को लिखा पत्र

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। छतरपुर- ओरछा के लोगों को बेहतर रेल सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एक बार फिर रेलमंत्री अश्विन वैष्णव को पत्र लिखा है। टीकमगढ़-छतरपुर की जनता ने प्रातः कालीन भोपाल ट्रेन शुरू कराने सिंधिया से आस लगाई है।**

रेलमंत्री को लिखे पूर्व पत्र में श्रीमंत सिंधिया ने विशेष रूप से खजुराहो से भोपाल वाया टीकमगढ़-छतरपुर नई रेल सेवा प्रारंभ किए जाने, टीकमगढ़-छतरपुर-ओरछा क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी सुदृढ़ किए जाने तथा यात्रियों की सुविधा हेतु आवश्यक अन्य रेल सेवाओं के विस्तार का अनुरोध किया गया था, ताकि क्षेत्र के नागरिकों को राज्य की राजधानी एवं अन्य प्रमुख शहरों से सुगम, सुरक्षित एवं समयबद्ध संपर्क उपलब्ध हो सके। परन्तु रेल मंत्रालय से इस संबंध में अब तक कोई अद्यतन सूचना प्राप्त न होने के कारण उन्होंने स्मरण-पत्र प्रेषित किया है। उल्लेखनीय है कि उक्त रेल सेवा प्रारंभ होने से न केवल स्थानीय यात्रियों को सुविधा प्राप्त होगी, बल्कि क्षेत्र के पर्यटन, व्यापार एवं सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। वर्तमान में पर्याप्त रेल विकल्प उपलब्ध न होने से यात्रियों को वैकल्पिक मार्गों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे समय एवं संसाधनों की अतिरिक्त व्यय भी होता है। सिंधिया ने आगे लिखा कि विषय की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए उक्त प्रकरण पर अब तक की गई कार्रवाई, प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति तथा संभावित कार्ययोजना से यथाशीघ्र अवगत कराने का कष्ट करें, ताकि संबंधित जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिकों को आवश्यक जानकारी प्रदान की जा सके। रेल मंत्री को पत्र लिखने से क्षेत्र में रेल सुविधाएं बढ़ने की आस बंध गई है।


### आम सूचना

मैं कि कैलाश अहिरवार तनय दिस्यू अहिरवार आयु 50 वर्ष निवासी पंमचपुरा थाना तहसील मोहनगढ जिला टीकमगढ मप्र का होकर निम्न कथन करता हूँ कि

1- यह कि मैं कथन करता हूँ कि मेरा केवल एक मात्र पुत्र आशीष कुमार अहिरवार है जिसकी शादी मेरे द्वारा कर दी है और वह अपने परिवार सहित मेरे परिवार से पृथक निवास करता है।

2- यह कि मैं कथन करता हूँ कि मेरा पुत्र मेरे कहे अनुसार कार्य नहीं किये जाते है और अपनी मन मर्जी से काम करता है तथा आये दिन वाद, विवाद करता रहता है, और मेरी व मेरी पत्नि की बात नहीं मानता है जिस कारण से मैं एवं मेरी पत्नि भारी परेशान है ।

3- यह कि मैं कथन करता हूँ कि मेरे द्वारा अपने पुत्र को पूर्व में ही उसके हक व हिस्से का रूपयाँ पैसा दे दिया गया है और मेरे पुत्र आशीष कुमार अहिरवार से अब मेरा व मेरे परिवार का कोई भी रिश्ता शेष नहीं रहा है।जिस कारण से मैं अब अपने पुत्र को अपनी समस्त चल, अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा है। जिसके बाद मेरी किसी भी प्रकार की संपत्ति में मेरे पुत्र आशीष कुमार अहिरवार का कोई भी हक व हिस्सा नहीं रहेगा।

4- यह कि उक्त शपथ-पत्र मुझ शपथकर्ता द्वारा अपने पूर्ण होश, हवास में बिना किसी दबाव, प्रभाव के लेख कराया है जिसको मैने पढवा कर सुन व समझ लिया है जो मेरे बताये अनुसार लेख किया गया है जो सही व सत्य है।

स्थान टीकमगढ म.प्र.
सूचनाकर्ता - कैलाश अहिरवार